**भारत सरकार**

**पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय**

**राज्य सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 16**

**दिनांक 17.07.2017 को उत्तर दिए जाने के लिए**

## कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के अंतर्गत स्वच्छ भारत कोष के लिए प्राप्त धनराशि

**16. श्री हुसैन दलवई:**

क्या **पेयजल और स्वच्छता** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) आज तक स्वच्छ भारत कोष के लिए प्राप्त दान का ब्यौरा क्या है और व्यक्तिगत दान और कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के अंतर्गत प्राप्त दान का वर्ष–वार ब्यौरा क्या है;

(ख) उक्त कोष के अंतर्गत प्राप्त धनराशि को किन–किन कार्यों के लिए व्यय किया जा सकता है;

(ग) उक्त कोष से अब तक व्यय की गई धनराशि के विस्तृत विश्लेषण का वर्ष–वार, कार्य–वार और राज्य–वार ब्यौरा क्या है; और

(घ) उक्त कोष से अब तक सृजित आस्तियों के विस्तृत विश्लेषण का वर्ष–वार और राज्य–वार ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**राज्य मंत्री, पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय**

**(श्री रमेश चंदप्पा जिगाजिनागी)**

(क) अब तक स्वच्छ भारत कोष में व्यक्तियों और कॉर्पोरेटों द्वारा दी गई दान राशि का वर्ष-वार ब्यौरा इस प्रकार है:-

लाख रु. में

| **वर्ष** | **वैयक्तिक दान** | **कॉर्पोरेट दान** |
|---|---:|---:|
| 2014-15 | 1.62 | 15959.57 |
| 2015-16 | 4.87 | 25319.77 |
| 2016-17 | 30.29 | 24474.57 |
| 2017-18 | 3.72 | 374.48 |

(ख) कार्यक्रम दिशा-निर्देशों के अनुसार, ग्रामीण क्षेत्रों, शहरी क्षेत्रों के प्रारंभिक माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक सरकारी स्कूलों और आंगनवाड़ी केंद्रों में सामुदायिक/वैयक्तिक शौचालयों के निर्माण/जीर्णोद्वार का कार्य किया जा सकता है। इसके अलावा, निर्मित शौचालयों में जल आपूर्ति के लिए निर्माण कार्यकलाप, निर्मित शौचालयों के रखरखाव को सुविधाजनक बनाने हेतु प्रशिक्षण और कौशल विकास और साफ-सफाई की शिक्षा के साथ इसे जोड़ना सुनिश्चित करने आदि का कार्य भी किया जा सकता है।

(ग) और (घ) स्वच्छ भारत कोष के अंतर्गत जारी निधियों और स्वीकृत शौचालयों की संख्या का वर्ष-वार और राज्य-वार ब्यौरा अनुलग्नक में दिया गया है। तथापि, मध्य प्रदेश, मणिपुर, मिजोरम, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, सिक्किम, त्रिपुरा, केरल, अरुणाचल प्रदेश और जम्मू एवं कश्मीर के स्कूल शौचालयों के मामले में पूर्ण राशि के लिए उपयोग प्रमाण पत्र प्राप्त कर लिए गए हैं। तेलंगाना, गुजरात नागालैंड, ओडिशा के मामले में आंशिक उपयोग की रिपोर्ट प्राप्त हुई है। अन्य राज्यों ने कोई उपयोग प्रमाण पत्र प्रस्तुत नहीं किए हैं। तथापि, पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय के जरिए बनाए गए वैयक्तिक शौचालयों के मामले में उपयोग प्रमाण पत्र अभी प्राप्त किए जाने हैं।

**अनुलग्नक-1**

**दिनांक 17-07-2017 को उत्तर दिए जाने हेतु राज्य सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 16 के उत्तर के भाग (ग) और (घ) में उल्लिखित विवरण**

**दिनांक 31.3.2017 की स्थिति के अनुसार एसबीके के अंतर्गत स्वच्छ भारत कोष न्यास (एसबीकेटी) के शाषी परिषद की सिफारिश पर राज्य कार्यान्वयन सोसायटियों को जारी निधियों का ब्यौरा**

| मंत्रालय/विभाग | स्वीकृति आदेश संख्या और तारीख | राज्य | स्वीकृत शौचालयों की संख्या | 2014-15 | 2015-16 | 2016-17 | कुल जारी निधियां | अभ्युक्तियां |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| विद्यालयी शिक्षा और साक्षरता विभाग | 1/2014 दिनांक 18.12.2014 | मध्य प्रदेश | 1156 | 1225.36 | | | 1225.36 | सरकारी स्कूलों (बालक और बालिका) में बेकार शौचालयों की मरम्मत/पुनर्निर्माण |
| | | मणिपुर | 705 | 916.50 | | | 916.50 | |
| | | मिजोरम | 271 | 677.50 | | | 677.50 | |
| | | तेलंगाना | 907 | 680.25 | | | 680.25 | |
| | 1/2015 दिनांक 13.01.2015 | हिमाचल प्रदेश | 25 | 25.00 | | | 25.00 | |
| | | झारखंड | 1036 | 746.92 | | | 746.92 | |
| | | पंजाब | 385 | 495.05 | | | 495.05 | |
| | | सिक्किम | 51 | 51.00 | | | 51.00 | |
| | | त्रिपुरा | 43 | 68.05 | | | 68.05 | |
| | | उत्तराखंड | 181 | 362.95 | | | 362.95 | |
| | 2/2015 दिनांक 22.01.2015 | गुजरात | 140 | 189.00 | | | 189.00 | |
| | | हरियाणा | 73 | 91.25 | | | 91.25 | |
| | | केरल | 272 | 204.00 | | | 204.00 | |
| | 3/2015 दिनांक 16.03.2015 | कर्नाटक | 65 | 162.50 | | | 162.50 | |
| | | नागालैंड | 456 | 1008.18 | | | 1008.18 | |
| | | अरुणाचल प्रदेश | 813 | 183.83 | | | 183.83 | |
| | | जम्मू एवं कश्मीर | 6289 | 1572.25 | | | 1572.25 | |
| | | तेलंगाना | 83 | 28.05 | | | 28.05 | |
| | 4/2015 दिनांक 15.8.2015 | ओडिशा | 2346 | | 938.40 | | 938.40 | |
| | | उत्तराखंड | 555 | | 434.24 | | 434.24 | |
| | 5/2015 दिनांक 23.8.2015 | आंध्र प्रदेश | 187 | | 329.12 | | 329.12 | |
| | | छत्तीसगढ़ | 4575 | | 986.62 | | 986.62 | |
| | 6/2015 दिनांक 20.10.2015 | उत्तर प्रदेश | 3 | | 1.00 | | 1.00 | |

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8/2015 दिनांक 12.01.2016 | पश्चिमी बंगाल | 3043 | | 3806.00 | | 3806.00 | |
| | | झारखंड | 287 | | 184.00 | | 184.00 | |
| | | बिहार | 1204 | | 1101.00 | | 1101.00 | |
| | 1/2016 दिनांक 13.05.2016 | उत्तराखंड | 173 | | | 99.20 | 99.20 | |

| **मंत्रालय/विभाग** | **स्वीकृति आदेश संख्या और तारीख** | **राज्य** | **स्वीकृत शौचालयों की संख्या** | **2014-15** | **2015-16** | **2016-17** | **कुल जारी निधियां** | **अभ्युक्तियां** |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय | 7/2016 दिनांक 12.01.2016 | त्रिपुरा | 83916 | | 10070.00 | | 10070.00 | घरों में बेकार शौचालय की मरम्मत/पुनर्निर्माण |
| | 9/2015 दिनांक 22.01.2016 | ओडिशा | 38758 | | 4850.96 | | 4850.96 | |
| | | पश्चिमी बंगाल | 39238 | | 4708.56 | | 4708.56 | |
| | | उत्तराखंड | 2428 | | 291.38 | | 291.38 | |
| | 9/2016 दिनांक 12.07.2016 | हरियाणा | 17875 | | | 2145.00 | 2145.00 | |
| | 4/2016 दिनांक 17.03.2017 | महाराष्ट्र | 108672 | | | 5216.00 | 5216.00 | |
| | | मिजोरम | 30619 | | | 1531.00 | 1531.00 | |
| | 3/2016 दिनांक 16.09.2016 | ओडिशा | 38768 | | | 4650.96 | 4650.96 | |
| | 4/2016 दिनांक 17.03.2017 | महाराष्ट्र | 108672 | | | 52.16 | 52.16 | |
| | | मिजोरम | 30619 | | | 15.31 | 15.31 | |

गंगा नदी के किनारे बसे गांवों में गरीबों एवं दलितों के लिए शौचालय बनाने हेतु माता अमृतानंदमय मठ, केरल से प्राप्त 100 करोड़ रु. की तुलना में जारी की गई राशि।